www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 29, 2014 Shift 1 Psychology Question Paper

## PAPER-II
## PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : ..........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**J 0 4 1 4**

Time : 1 1/4 hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Autonomic Nervous System is concerned with the regulation of ________.
I. Smooth muscles
II. Skeletal muscles
III. Cardiac muscles
IV. Glands

**Codes :**
(A) I and II (B) I, II, III
(C) I, III, IV (D) I, II, III, IV

**2.** What would be the total number of pairs in a study scaling the twelve attitude items by the method of paired comparison ?
(A) 132 (B) 72
(C) 66 (D) 60

**3.** Match List – I and List – II and indicate your response by choosing the codes given below :

| **List – I (Theorists)** | **List – II (Motivational Concept)** |
|---|---|
| p. Hull | 1. Instinct |
| q. Cannon | 2. Drive |
| r. Tinbergen | 3. Homeostatic |
| s. McDougall | 4. Fixed Action Pattern |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**4.** Match List – I and List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| **List – I (Psychologist)** | **List – II (Concept of Personality)** |
|---|---|
| p. Kelly | 1. Mandala |
| q. Erickson | 2. Corollary |
| r. Adler | 3. Fidelity |
| s. Jung | 4. Compensation |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**5.** Read each of the following two statements Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** The level at which we first categorize an object is the basic in the hierarchy of concepts.

**Reason (R) :** Concepts are related to one another.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** Which set of processes is involved in storing of information in long-term memory ?
1. Chunking
2. Long term potentiation
3. Consolidation
4. Monitoring

**Codes :**
(A) 2 and 3 (B) 1, 2 and 4
(C) 3 and 4 (D) 1, 3 and 4

**7.** An oil painting itself can include all of the following cues to depth perception except :
(A) Linear Perspective
(B) Retinal Disparity
(C) Texture Gradient
(D) Relative Image Size

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** स्वायत्त तंत्रिकातंत्र का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किसके विनियमन से है ?

I. मसृण मांसपेशियाँ
II. कंकालीय मांसपेशियाँ
III. हृदय की मांसपेशियाँ
IV. ग्रंथियाँ

**कूट :**
(A) I और II (B) I, II, III
(C) I, III, IV (D) I, II, III, IV

**2.** युग्म तुलनात्मक विधि से 12 अभिवृत्ति मदों की मापनी के एक अध्ययन में कुल युग्मों की संख्या क्या होगी ?
(A) 132 (B) 72
(C) 66 (D) 60

**3.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (सिद्धान्तकार)** | **सूची – II (अभिप्रेरक संप्रत्यय)** |
|---|---|
| p. हल्ल | 1. वृत्ति |
| q. कैनन | 2. प्रणोदन |
| r. टिनबर्जन | 3. होमियोस्टेटिस |
| s. मैक्डूगल | 4. स्थिर-क्रिया प्रतिरूप |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**4.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (मनोवैज्ञानिक)** | **सूची – II (व्यक्तित्व के संप्रत्यय)** |
|---|---|
| p. केली | 1. मण्डल |
| q. एरिक्सन | 2. उपनिगमन |
| r. एड्लर | 3. विश्वस्तता |
| s. युंग | 4. प्रतिपूर्ति |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**5.** अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़िए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**अभिकथन** (A) : जब हम प्रथम स्तर पर किसी वस्तु का संवर्गीकरण करते हैं वही संप्रत्यय सोपानिकी का मूलभूत आधार होता है ।

**तर्क** (R) : संप्रत्यय एक दूसरे से सम्बन्धित होते हैं ।

**कोड :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**6.** दीर्घकालिक स्मृति में सूचना के भण्डारण में कौन सा प्रक्रिया समूह आ जाता है ?

1. विखण्डन
2. दीर्घकालिक विभवता
3. सुदृढ़ीकरण
4. परिवीक्षण

**कूट :**
(A) 2 और 3 (B) 1, 2 और 4
(C) 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**7.** एक तैल चित्र में निम्नलिखित में से किसे छोड़कर दूरी प्रत्यक्षीकरण के सारे संकेत सम्मिलित हो सकते हैं ?
(A) रैखिक परिप्रेक्ष्य
(B) अक्षिपटल विसंगति
(C) रचनागुण प्रवणता
(D) सापेक्ष प्रतिबिम्ब आकार

Prepp
Your Personal Exams Guide

8. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the code given below :

**Assertion (A) :** Everyday people face situations wherein they have to choose one alternative to the exclusion of others and they make use of the concurrent schedules of reinforcement effectively.

**Reason (R) :** The matching law suggests that we choose between response alternatives in such a way so as to maximize the reinforcement we receive from the chosen alternative.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

9. Which of the following is/are example/s of continuous organismic variable ?

1. Gender
2. Heart beats per minute
3. Trials required to learn a list of CVC trigrams
4. Intelligence

**Codes :**

(A) 1 only (B) 4 only
(C) 2 & 4 only (D) 2, 3 & 4 only

10. Arrange the following in correct sequence through which the sound waves reach the receptors :

I. Oval window
II. Incus
III. Stapes
IV. Malleus
V. Tympanic membrane

**Codes :**

(A) V, IV, II, III, I
(B) V, IV, III, II, I
(C) V, IV, I, III, II
(D) V, III, II, IV, I

11. Arrange the following into correct sequence as per James-Lange theory :

I. Emotion producing situation
II. Feeling of emotion
III. Elicitation of emotional responses
IV. The brain receives sensory feedback from the muscles and other organs.

**Codes :**

(A) I, II, III, IV (B) I, IV, II, III
(C) II, III, IV, I (D) I, III, IV, II

12. Read each of the following two statements Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Ego defense mechanisms help to protect the person from overwhelming anxiety.

**Reason (R) :** Major psychodynamic functions of anxiety are to help the individual avoid conscious recognition of acceptable instinctual impulses and to allow impulse qualification only indirectly.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

13. Continuum of "Birth Weight" is the basis of studying

(A) the effect of biological factors on intellectual development
(B) the effect of genetics on intellectual development
(C) the effect of genetic and socio-cultural factors on intellectual development
(D) the effect of biological and socio-cultural factors on intellectual development.

14. Which of the following are methods of solving problems ?

1. Trial and error
2. Mental set
3. Algorithm
4. Heuristics
5. Functional Fixedness

**Codes :**

(A) 1, 2 & 3 (B) 1, 4 & 5
(C) 1, 3 & 4 (D) 3, 4 & 5

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** नीचे दो कथन दिये गए हैं, जिनमें से प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है । प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**अभिकथन** (A) : प्रत्येक दिवस लोग ऐसी स्थितियों का सामना करते हैं जब उन्हें अन्य को छोड़ एक विकल्प को चुनना पड़ता है और वे प्रभावी रूप से पुनर्बलन की समवर्ती अनुसूचियों का उपयोग करते हैं ।

**तर्क** (R) : सुमेलन नियम यह सुझाता है कि हम उत्तर-विकल्पों के बीच से इस प्रकार चयन करते हैं जिससे हमारे द्वारा चयनित विकल्प के लिए पुनर्बलन अधिकतम हो सके ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**9.** निम्नलिखित में से कौन सा / से निरन्तर जैविक चर का / के उदाहरण है / हैं ?

1. लिंग
2. प्रति मिनट हृदय की धड़कन
3. सी वी सी ट्राईग्राम की सूची को जानने के लिए प्रयासों की आवश्यकता
4. बुद्धि

**कूट** :

(A) केवल 1

(B) केवल 4

(C) केवल 2 और 4

(D) केवल 2, 3 और 4

**10.** निम्नलिखित को उस सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए जिस क्रम में ध्वनि तरंगें, ग्राही तक पहुँचती हैं :

I. अण्डाकार गवाक्ष II. इन्कस

III. स्टेपीज IV. मैलियस

V. कर्णपटह झिल्ली

**कूट** :

(A) V, IV, II, III, I

(B) V, IV, III, II, I

(C) V, IV, I, III, II

(D) V, III, II, IV, I

**11.** जेम्स लांगे के सिद्धान्त के अनुसार निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. संवेग उत्पादक स्थिति

II. संवेग की अनुभूति

III. संवेगी प्रत्युत्तरों का निष्कर्षन

IV. मस्तिष्क, मांसपेशियों और अन्य अंगों से संवेदिका फीड-बैक प्राप्त करता है ।

**कूट** :

(A) I, II, III, IV

(B) I, IV, II, III

(C) II, III, IV, I

(D) I, III, IV, II

**12.** इन दो कथनों, अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर की चयन कीजिए ।

**अभिकथन** (A) : अहम् सुरक्षा रचनातंत्र व्यक्ति को घोर दुश्चिन्ता से बचाने में सहायता करता है ।

**तर्क** (R) : दुश्चिन्ता का प्रमुख मनोगतिकी प्रकार्य किसी व्यक्ति को स्वीकार्य ऐंद्रिक आवेग के चेतन अभिज्ञान से बचने में सहायता करता है और आवेग की केवल अप्रत्यक्ष तुष्टि की अनुमति देता है।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**13.** "सांतत्यक जन्म-भार" किसके अध्ययन का आधार है ?

(A) बौद्धिक विकास में जैविक कारकों का प्रभाव

(B) बौद्धिक विकास में आनुवंशिकता का प्रभाव

(C) बौद्धिक विकास में आनुवंशिक एवं समाजी-सांस्कृतिक कारकों का प्रभाव

(D) बौद्धिक विकास में जैविक एवं समाजी-सांस्कृतिक कारकों का प्रभाव

**14.** निम्नलिखित में से कौन सी समस्या को सुलझाने की विधियाँ हैं ?

1. प्रयास और भूल
2. मानसिक सैट
3. एल्गोरिथ्म
4. स्वानुभाविक
5. प्रकार्यात्मक स्थिरता

**कूट** :

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 4 और 5

(C) 1, 3 और 4 (D) 3, 4 और 5

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Indicate your answer using the code given below :

**Assertion (A) :** In a memory experiment participants were found to use both verbal and visual encoding while performing the given task.

**Reason (R) :** Episodic buffer, a component of working memory, is used to integrate and to store briefly the information from phonological loop and visuo-spatial sketch-pad.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**16.** Put the steps involved in observational learning in sequence of its occurrence :

I. Reproduction

II. Attention

III. Motivation for later use

IV. Retention

(A) IV, II, I, III

(B) I, IV, III, II

(C) II, IV, I, III

(D) III, I, II, IV

**17.** Which set of following conditions indicate failure of recognition ?

1. Associative agnosia
2. Constructional apraxia
3. Prosopagnosia
4. Pure Alexia
5. Ataxia

**Codes :**

(A) 1, 2 and 5

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 2, 3 and 5

**18.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** A positive charge applied to the inside of the membrane of the neuron produced depolarization.

**Reason (R) :** Inside of the membrane was positively charged.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is wrong.

(D) (A) is wrong, but (R) is correct.

**19.** What would be the degrees of freedom for a chi-square based on $4 \times 5$ contingency table ?

(A) 5 (B) 9

(C) 12 (D) 20

**20.** Which one of the following events is critical for the development of internal sex organs in males during $3^{rd}$ month of gestation ?

(A) Activation of 'sry gene'

(B) Presence of antimullerian hormone

(C) Presence of dihydrotestosterone

(D) Development of testes

**21.** Children of affluent and educated parents tend to score higher on tests of ability than children of parents living in poverty and who are not well educated. This relationship between socio-economic status and scores on ability tests is because of :

1. genetic differences in ability between different sociol classes.
2. differences in the adequacy of the biological and environmental factors in nutrition and health care.
3. differences in the cultural and learning experiences provided for children from different social classes.

**Codes :**

(A) 1 and 3 (B) 2 and 3

(C) 1 and 2 (D) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं, प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है । प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**अभिकथन** (A) : एक स्मृति प्रयोग में भाग लेने वाले अपने कार्य को करते हुए शाब्दिक एवं दृष्ट दोनों का संकेतीकरण कर रहे हैं ।

**तर्क** (R) : कार्यसाधक स्मृति के एक घटक, प्रासंगिक बफर, का प्रयोग स्वनिमिक लूप और स्थानिक स्केच-पैड से अल्पावधि के लिए सूचना का एकीकरण और भण्डारण के लिए किया जाता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**16.** निम्नलिखित, प्रेक्षणमूलक अधिगम में आने वाले चरणों को उनके सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. पुनरोत्पादन

II. अवधान

III. अभिप्रेरणा (बाद में प्रयोगार्थ)

IV. प्रतिधारण

(A) IV, II, I, III

(B) I, IV, III, II

(C) II, IV, I, III

(D) III, I, II, IV

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा स्थिति-समूह प्रत्यभिज्ञान में असफलता का संकेत देता है ?

1. साहचर्यात्मक अभिज्ञानघात
2. संरचनात्मक चलाघात
3. चेहरों का प्रतिभिज्ञताघात
4. प्योर अलेक्सिया
5. अटैक्सिया

**कूट** :

(A) 1, 2 और 5 (B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4 (D) 2, 3 और 5

**18.** नीचे दो कथन दिये गए हैं, प्रथम कथन को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन** (A) : तन्त्रि कोशिका की झिल्लिका के अन्दर दिये गये धन-चार्ज ने अध्रुवीकरण पैदा किया ।

**तर्क** (R) : झिल्लिका के अन्दर का चार्ज धनात्मक था ।

इन दो कथनों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा सही है ?

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**19.** $4 \times 5$ की आसंग सारणी पर आधारित काई-स्क्वेयर के लिए स्वतंत्रता की कोटि क्या होगी ?

(A) 5 (B) 9

(C) 12 (D) 20

**20.** निम्नलिखित घटनाओं में से कौन 3 महीने का गर्भाधान के दौरान, नर के आन्तरिक यौन-अंगों के विकास में विशेष महत्व रखती है ?

(A) 'एस आर वाई जीन' का सक्रियण

(B) प्रति-म्यूलेरीयन हॉर्मोन की उपस्थिति

(C) डाइ-हाइड्रो-टेस्टोस्टेरोन की उपस्थिति

(D) अंड-ग्रंथियों का विकास

**21.** समृद्ध एवं शिक्षित माता-पिता के बच्चे निर्धन और कम पढ़े-लिखे माता-पिता के बच्चों की अपेक्षा योग्यता परीक्षण में अधिक अंक प्राप्त करते हैं । समाज-आर्थिक स्तर और योग्यता-परीक्षण में प्राप्तांकों के बीच सम्बन्ध इसलिए है क्योंकि

1. विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच योग्यता में आनुवंशिक भिन्नता है ।
2. पौष्टिकता एवं स्वास्थ्य सेवाओं में जैविक और पर्यावरणीय कारकों की उपयुक्तता में अन्तर ।
3. भिन्न-भिन्न सामाजिक वर्गों के बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं अधिगम के अनुभवों की उपलब्धता में अन्तर ।

**कूट** :

(A) 1 और 3 (B) 2 और 3

(C) 1 और 2 (D) 1, 2 और 3

22. In reasoning when the premises are true, ________ cannot be false.
(A) Conclusion
(B) Argument
(C) Thoughts
(D) Propositions

23. Arrange the following stages of memory in order of their occurrence :
I. Chunking
II. Sensory register
III. Consolidation
IV. Elaborative rehearsal
V. Selective attention
**Codes :**
(A) V, II, I, IV, III
(B) III, II, V, I, IV
(C) I, V, II, IV, III
(D) II, I, V, III, IV

24. Arjun gets annoyed when his mother nags him to do his homework. When he finally does it, his mother stops nagging. Now he does the homework without any nagging. Here 'nagging' has served as a
(A) Punishment by application
(B) Positive reinforcement
(C) Negative reinforcement
(D) Punishment by removal

25. Given below are the two statements Assertion (A) and Reason (R). Indicate your answer using the codes given below :
**Assertion (A) :** Larger the image of an object on the retina, the closer it is judged to be. In addition, if an object is larger than other objects, it is often perceived as closer.
**Reason (R) :** Retinal disparity provides an important cue for depth perception.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

26. Which of the following cells do produce myelin in the Central Nervous System ?
(A) Schwann cells
(B) Astrocytes
(C) Microglia
(D) Oligodendrocytes

27. After the general election in a country, a social psychologist interviewed 200 voters to study their attitudes towards the winning party. This is an example of
(A) Field experiment
(B) Attitude change experiment
(C) Correlational study
(D) Ex post-facto research

28. Read each of the following two statements Assertion (A) and Reason (R) and indicate your answer using the codes given below :
**Assertion (A) :** Low levels of serotonin release are associated with aggression and other forms of antisocial behaviour.
**Reason (R) :** Serotonergic neurons play an inhibitory role in human aggression.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

29. Constructive Alternativism refers to :
(A) A person's mental processes are psychologically channelised by the ways in which he anticipates events.
(B) All present interpretations of the universe are subject to revision or replacement.
(C) It is a category of thought by which the individual construes or interprets his personal world of experience.
(D) It is a process by which a person predicts and controls personal experiences by construing their replications.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** तर्कण में जब आधार-वाक्य सही हों, तब ________ गलत नहीं हो सकते ।
(A) निष्कर्ष (B) युक्ति
(C) विचार (D) तर्कवाक्य

**23.** स्मृति के निम्नलिखित चरणों को उनके सही क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :
I. विखण्डन II. संवेदी रजिस्टर
III. सुदृढ़ीकरण IV. विस्तृत पूर्वाभ्यास
V. चयनित अवधान

**कूट :**
(A) V, II, I, IV, III
(B) III, II, V, I, IV
(C) I, V, II, IV, III
(D) II, I, V, III, IV

**24.** अर्जुन की माँ जब उसे गृह-कार्य करने के लिए टीका-टिप्पणी करती है तो वह क्रोधित हो उठता है । जब वह अन्ततः होम-वर्क कर चुकता है तो उसकी माँ टीका-टिप्पणी बंद कर देती है । अब वह बिना टीका-टिप्पणी के अपना होम-वर्क करता है । यहाँ 'टीका-टिप्पणी' ने, निम्नलिखित में से किस रूप में कार्य किया है ?
(A) अनुप्रयोग द्वारा दण्ड
(B) सकारात्मक प्रबलीकरण
(C) नकारात्मक प्रबलीकरण
(D) निष्कासन द्वारा दण्ड

**25.** नीचे दो कथन अभिकथन (A) और तर्क (R) दिए गये हैं । नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन** (A) : अक्षिपटल पर किसी वस्तु का जितना बड़ा प्रतिबिम्ब होगा, उसे उतना ही निकट समझने का अनुमान लगाया जाता है । इसके अतिरिक्त यदि कोई वस्तु अन्य वस्तुओं की तुलना में बड़ी हो, तो इसे प्राय: निकट समझा जाता है ।

**तर्क** (R) : अक्षिपटल की विसंगति, दूरी के प्रत्यक्षीकरण के लिए महत्वपूर्ण संकेत उपलब्ध कराती है ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**26.** निम्नलिखित में से कौन सी कोशिकाएँ केंद्रीय तंत्रिकीय प्रणाली में माइलिन का उत्पादन करती हैं ?
(A) श्वान कोशिकाएँ
(B) तारा कोशिकाएँ
(C) सूक्ष्मतन्त्रिका बन्ध
(D) ओलिगोडेंड्रोसाइट्स

**27.** एक देश में सामान्य निर्वाचन के पश्चात्, एक समाज मनोवैज्ञानिक ने 200 मतदाताओं से साक्षात्कार इसलिए किया ताकि वह जीत रही पार्टी की ओर उनकी अभिवृत्ति का अध्ययन कर सके । यह उदाहरण है
(A) क्षेत्र प्रयोग
(B) अभिवृत्ति परिवर्तन प्रयोग
(C) सह-सम्बन्ध अध्ययन
(D) कार्योत्तर अनुसंधान

**28.** निम्न दो कथन अभिकथन (A) और तर्क (R) को पढ़िये और नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन** (A) : सेरोटोनिन मोचन के निम्न स्तर को आक्रामकता एवं समाज-विरोधी व्यवहार से सम्बन्धित किया जाता है ।

**तर्क** (R) : सेरोटोनिय-तन्त्रिकाएँ मानवीय आक्रामकता में निषेधात्मक भूमिका निभाती हैं ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) की (A) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**29.** रचनात्मक विकल्पवाद का अर्थ है
(A) एक व्यक्ति की मानसिक प्रक्रियाओं का मनोवैज्ञानिक प्रवहण उसी प्रकार होता है जिस प्रकार से वह घटनाओं के होने की अपेक्षा करता है ।
(B) विश्व सम्बन्धी सभी व्याख्याएँ संशोधन अथवा परिवर्तित किये जाने के विषय हैं ।
(C) यह विचार का एक संवर्ग है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने अनुभव के व्यक्तिगत संसार का अन्वय करता है, अथवा उसका निर्वचन करता है ।
(D) यह एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने अन्वयों की पुनरावर्ती करके व्यक्तिगत अनुभवों का पूर्वानुमान एवं नियंत्रण करता है ।

**30.** Which of the following is not a consequence of Spearman's theory ?

(A) The correlation between different measures of intelligence will be positive.

(B) The correlation between two measures of intelligence will be equal to $r_{1g} \times r_{2g}$, where 1 and 2 represent the two different measures and g represents general factor.

(C) The correlation between two measures of intelligence will be equal to $r_{1g} + r_{2g}$, where 1 and 2 represent the two different measures and g represents general factor.

(D) The law of tetrad difference will hold for four measures of intelligence

**31.** A test involves presenting a pair of words like FATHER-DAUGHTER and the subject is required to list as many ways in which the pair is related. In this measure which of the abilities are given by Guilford ?

(A) Divergent production of symbolic relations.

(B) Divergent production of semantic relations.

(C) Convergent production of symbolic relations.

(D) Divergent production of semantic systems.

**32.** Match List – I and List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| **List – I (Phenomenon)** | **List – II (Description)** |
|---|---|
| p. Thoughts | 1. Properties that best exemplify the concept |
| q. Concept | 2. Process of assigning an object to a concept (Class) |
| r. Prototype | 3. Language of the mind |
| s. Categorization | 4. Represents an entire class |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**33.** Match List – I and List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| **List – I (Phenomenon)** | **List – II (Condition)** |
|---|---|
| p. Loss of memory of events that occurred prior to a loss inducing event. | 1. Mental contamination |
| q. Loss of memory of events that occurs after a loss inducing event. | 2. Retrograde Amnesia |
| r. Blocking of information in memory we don't try to remember, produced by our retrieval of other related information | 3. Anterograde Amnesia |
| s. Mental processing that is not readily under our control, influence our judgements, emotions or behaviour | 4. Retrieval inhibition |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**34.** After several visits to the doctor for chemotherapy, Anita finds that she begins to feel nauseous just sitting in the waiting room. According to classical conditioning, Anita's feeling of nausea in the absence of chemotherapy is

(A) an unconditioned stimulus

(B) an unconditioned response

(C) a conditioned stimulus

(D) a conditioned response

**35.** Which of the following do not belong to laws of perceptual grouping ?

I. Law of figure and ground

II. Law of good continuation

III. Law of common fate

IV. Law of closure

V. Law of proximity

**Codes :**

(A) I and V (B) II and IV

(C) III and V (D) I and III

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** निम्नलिखित में से कौन सा स्पीयरमैन के सिद्धान्त का परिणाम नहीं है ?

(A) बुद्धि के भिन्न-भिन्न मापों के बीच सह सम्बन्ध सकारात्मक होंगे ।

(B) बुद्धि के दो मापों के बीच सहसम्बन्ध $r_{1g} \times r_{2g}$ के बराबर होंगे, जबकि 1 और 2 दो विभिन्न मापों का प्रतिनिधित्व करते हैं और g सामान्य कारक का प्रतिनिधित्व करता है ।

(C) बुद्धि के दो मापों के बीच सहसम्बन्ध $r_{1g} + r_{2g}$ के बराबर होंगे, जबकि 1 और 2 विभिन्न दो मापों का प्रतिनिधित्व करते हैं और g सामान्य कारक का ।

(D) चतुष्क भिन्नता का नियम बुद्धि के चार मापों के लिए ठीक बैठेगा ।

**31.** एक परीक्षण में शब्दों के युग्म, जैसे FATHER-DAUGHTER, दिये गए और प्रयोज्य को उससे मिलते-जुलते ऐसे शब्दों के यथासम्भव युग्मों की सूची बनाने को कहा गया जिनमें कोई पारस्परिक सम्बन्ध हो । गिलफोर्ड द्वारा दी गई योग्यताओं में से यह किस योग्यता को मापता है ?

(A) सांकेतिक सम्बन्धों के अपसारी उत्पाद

(B) अर्थगत सम्बन्धों के अपसारी उत्पाद

(C) सांकेतिक सम्बन्धों के अभिसारी उत्पाद

(D) अर्थगत तंत्र के अपसारी उत्पाद

**32.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (गोचर)** | **सूची – II (विवरण)** |
|---|---|
| p. विचार | 1. गुण, जो संप्रत्यय का सर्वोत्तम दृष्टान्त हो । |
| q. संप्रत्यय | 2. किसी वस्तु को किसी संप्रत्यय (वर्ग) से सम्बद्ध करने की प्रक्रिया । |
| r. प्रारूप | 3. मन की भाषा |
| s. कोटिकरण / संवर्गीकरण | 4. समूचे वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है । |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**33.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (गोचर)** | **सूची – II (अवस्था)** |
|---|---|
| p. हानिकारक घटनाओं से पूर्व होने वाली घटनाओं की स्मृति की क्षति | 1. मानसिक संदूषण |
| q. हानिकारक घटनाओं के घटित होने के पश्चात की घटनाओं की स्मृति की क्षति | 2. अभिघात पूर्व स्मृति लोप |
| r. स्मृति की ऐसी सूचना जिसे हम स्मरण करने का प्रयास नहीं करते और जो उससे सम्बन्धित सूचना ढूँढे जाने से अवरुद्ध होती है । | 3. आघातोत्तर स्मृतिभ्रंश |
| s. वे मानसिक क्रियाएँ जो एकदम हमारे नियंत्रण में नहीं हैं, हमारे निर्णयों और व्यवहार को प्रभावित करते हैं । | 4. प्रतिनयन प्रावरोध |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**34.** कीमोथेरेपी उपचार के लिए डॉक्टर के पास कई बार जा चुकने के पश्चात्, अनिता को लगता है कि वेटिंग हाल में बैठते ही वीभत्स होने लगती है । क्लासिकी अनुबन्धन के अनुसार, अनिता में वीभत्सा का भाव, कीमोथेरेपी की अनुपस्थिति में है

(A) एक अनानुबन्धित उद्दीपक

(B) एक अनानुबन्धित प्रत्युत्तर

(C) एक अनुबन्धित उद्दीपक

(D) एक अनुबन्धित प्रत्युत्तर

**35.** निम्नलिखित में से कौन से प्रत्यक्षात्मक समूहीकरण के नियम में सम्मिलित नहीं है ?

I. चित्र तथा पृष्ठभूमि का नियम

II. अनुकूल निरन्तरता का नियम

III. समान प्रारब्ध का नियम

IV. नैकट्य का नियम

V. समीपता का नियम

**कूट :**

(A) I और V (B) II और IV

(C) III और V (D) I और III

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** Match List – I and List – II and indicate your answer with the help of codes given below :

| List – I (Number) | List – II (Structure) |
|---|---|
| p. 31 | 1. Lobes of cerebrum |
| q. 7 | 2. Cranial nerves |
| r. 12 | 3. Cervical vertebrae |
| s. 4 | 4. Spinal nerves |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**37.** Read the following two statements, the first labelled as Assertion (A) and the second labelled as Reason (R). Indicate your answer using the codes given below the statements :

**Assertion (A) :** Non-equivalent control groups are often encountered in quasi-experimental studies, as compared to experimental studies.

**Reason (R) :** In quasi-experimental studies, as compared to experimental studies, secondary variance is less efficiently controlled.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**38.** Self determination theory (humanistic view of motivation) focuses on which of the following needs ?

I. Autonomy
II. Competence
III. Esteem
IV. Self-actualization
V. Relatedness

**Codes :**

(A) I, III and IV
(B) II, IV and V
(C) I, II and V
(D) III, IV and V

**39.** What is an Ipsative test ?

(A) For an individual examinee, the high scores on some sub-scales are accompanied by low scores on other sub-scales.
(B) A test that measures one or more clearly defined but relatively heterogeneous segments of ability.
(C) A test in which the average of the sub-scales is always the same for every examinee.
(D) A test which gives an estimate of how much of the total variance in a given trait is due to genuine factors.

**40.** Which of the following are correct for self-concept ?

1. Self-concept includes not only one's perceptions of what one is like but also what one thinks one ought to be.
2. Self-concept follows the general laws and principles of perception established in experimental psychology.
3. Self-concept represents an organised, coherent and integrated pattern of self related perceptions.
4. Development of self-concept follows a specific time table of critical stages.

(A) 1, 3 and 4 (B) 2, 3 and 4
(C) 1, 2 and 4 (D) 1, 2 and 3

**41.** Which of the following is / are not a product in Guilford's model ?

1. Convergent production
2. Divergent production
3. Transformation
4. Implication

**Codes :**

(A) 1 and 2 (B) 3 and 4
(C) 1, 2 and 3 (D) 1, 2 and 4

**42.** The process of expanding our level of awareness and allowing us to observe ourselves engaged in the problem-solving process is termed as :

(A) Representativeness Heuristic
(B) Algorithm
(C) Anchoring – and – Adjustment Heuristic
(D) Metacognitive Processing

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (संख्या)** | **सूची – II (संरचना)** |
|---|---|
| p. 31 | 1. प्रमस्तिष्क के खण्ड |
| q. 7 | 2. कपाली तन्त्रिकाएँ |
| r. 12 | 3. ग्रैव-वर्टीब्रा |
| s. 4 | 4. रीढ़ तन्त्रिकाएँ |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**37.** निम्नलिखित दो कथनों को पढ़िए । इसमें से प्रथम कथन को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है । प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A)** : असमतुल्य नियंत्रण समूह प्रयोगात्मक अध्ययनों की अपेक्षा अर्ध-प्रयोगात्मक अध्ययनों में प्राय: सामने आते हैं ।

**तर्क (R)** : प्रयोगात्मक अध्ययनों की अपेक्षा अर्ध-प्रयोगात्मक अध्ययनों में गौण प्रसरण कम प्रभावी ढंग से नियंत्रित होते हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**38.** आत्मदृढ़ता सिद्धान्त (अभिप्रेरणा का मानवीय दृष्टिकोण) निम्नलिखित किन आवश्यकताओं पर केंद्रित है ?

I. स्वायत्तता II. समर्थता

III. सम्मान IV. आत्म-सिद्धि

V. सम्बद्धता

**कूट** :

(A) I, III और IV

(B) II, IV और V

(C) I, II और V

(D) III, IV और V

**39.** स्वमानक परीक्षण क्या है ?

(A) किसी वैयक्तिक परीक्षार्थी के लिए, जब कुछ उप-मापनियों में उच्च प्राप्तांक हों तो अन्य उप-मापनियों में उसके प्राप्तांक निम्न होते हैं ।

(B) एक परीक्षण, जो एक या अधिक योग्यता के स्पष्टतया परिभाषित लेकिन सापेक्षत: विषमजातीय तत्वों का मापन करती है ।

(C) एक ऐसा परीक्षण जिसमें उप-मापनियों का औसत सभी परीक्षार्थियों के लिए समान हो ।

(D) एक परीक्षण जो यह आकलन करता है कि दिये सद्गुण के कुल प्रसरण का कितना भाग प्रामाणिक कारकों के कारण है ।

**40.** निम्नलिखित में से आत्म-संप्रत्यय के सम्बन्ध में कौन से कथन सही हैं ?

1. आत्म-संप्रत्यय में केवल वही प्रत्यक्षीकरण सम्मिलित नहीं है कि व्यक्ति कैसा है, बल्कि इसमें यह भी शामिल है कि उसे कैसा होना चाहिए ।
2. आत्म-संप्रत्यय सामान्य नियमों और प्रयोगात्मक मनोविज्ञान द्वारा स्थापित प्रत्यक्षीकरण के सिद्धान्तों का अनुकरण करती है ।
3. आत्म-संप्रत्यय स्व: सम्बन्धी प्रत्यक्षीकरण के एक संगठित, समनुगत और एकीकृत ढाँचे का प्रतिनिधित्व करती है ।
4. आत्म-संप्रत्यय का विकास क्रान्तिक अवस्थाओं की एक विशिष्ट समय-सारिणी का अनुकरण करता है ।

(A) 1, 3 और 4 (B) 2, 3 और 4

(C) 1, 2 और 4 (D) 1, 2 और 3

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा / से गिलफोर्ड मॉडल में उत्पाद नहीं हैं ?

1. अभिसारी उत्पाद 2. अपसारी उत्पाद

3. रूपांतरण 4. आनुषंगिकता

**कूट** :

(A) 1 और 2 (B) 3 और 4

(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 2 और 4

**42.** अपनी अभिज्ञता के स्तर का विस्तार करने तथा अपने को समस्या समाधान की प्रक्रिया में व्यस्त देखने के लिए अनुमति प्रदान करने को कहते हैं

(A) प्रतिनिधित्व स्वानुभाविक

(B) ऐल्गोरिथ्म

(C) निबन्धन एवं समायोजन स्वानुभाविक

(D) मेटा-संज्ञानात्मक संसाधन

**43.** A network of associated facts and concepts that make out general knowledge of the world is referred to as
(A) Episodic memory
(B) Explicit memory
(C) Implicit memory
(D) Semantic memory

**44.** Match List – I and List – II and indicate your answer with the help of the codes given below :

| **List – I (Temporal arrangement of UCS & CS)** | **List – II (Form of conditioning)** |
|---|---|
| p. Onset of the Unconditioned Stimulus (UCS) occurs while the Conditioned Stimulus (CS) is still present. | 1. Trace conditioning |
| q. Onset of the Conditioned Stimulus (CS) precedes the onset of the Unconditioned Stimulus (UCS) | 2. Simultaneous conditioning |
| r. The Conditioned Stimulus (CS) and the Unconditioned Stimulus (UCS) begin and end at the same time. | 3. Backward conditioning |
| s. Unconditioned Stimulus (UCS) precedes the Conditioned Stimulus (CS) | 4. Delay conditioning |

**Codes :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**45.** Phi phenomena is the principle behind :
(A) illusion of brightness
(B) illusion of distance
(C) illusion of size
(D) illusion of movement

Instructions for Questions Nos. **46** to **50**

Read the following paragraph and answer the five questions following it :

A psychologist wanted to develop a numerical ability test for the student population. She wrote eighty multiple-choice items, each item with five alternatives. The item analysis was carried out by finding discrimination index and item-remainder correlation for each item. Sixty items were retained in item analysis. The new version, with finally retained sixty items was administered to a new sample (N = 400) twice with a time gap of eight weeks. The test-retest correlation was found to be 0.22, significant at .01 level. The data obtained at the first administration of the sixty item version was also used for computing split-half reliability. The correlation between scores based on odd items and the scores based on even items was found to be 0.60. The split-half reliability coefficient was obtained after applying Spearman-Brown correction.

The scores obtained by the students were correlated with their marks in Mathematics in their annual examination which took place three months after the data collection. The product-moment correlation of 0.6 was obtained between test scores and mathematics. Norms were developed for the test. The normative sample yielded a mean of 40 and standard deviation of 8. The data were found to be normally distributed. As norms, percentile ranks were obtained.

**46.** Which of the following correlation is suitable while computing item-remainder correlation in the above analysis ?
(A) Phi-coefficient
(B) Point-biserial correlation
(C) Spearman rank difference correlation
(D) Multiple correlation

**47.** What inference can you draw about the reliability of the text ?
(A) The test has unsatisfactory 'test-retest reliability'.
(B) The test has satisfactory test-retest reliability.
(C) The test has satisfactory internal consistency and test-retest reliability
(D) The rest has satisfactory test-retest reliability but unsatisfactory internal consistency.

**48.** What would be the percentile rank for a score of 48 ?
(A) 16 (B) 60
(C) 68 (D) 84

**49.** What would be the split-half reliability coefficient after Spearman-Brown correction ?
(A) 0.40 (B) 0.60
(C) 0.75 (D) 0.90

**50.** What evidence has obtained for the validity of the above test ?
(A) Satisfactory predictive validity
(B) Unsatisfactory predictive validity
(C) Satisfactory concurrent validity
(D) Unsatisfactory concurrent validity

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** सम्बद्ध तथ्यों तथा अवधारणाओं का नेटवर्क, जिससे हमारा लौकिक सामान्य ज्ञान निर्मित होता है - ऐसे ज्ञान को कहते हैं
(A) प्रसंग-स्मृति (B) सुस्पष्ट-स्मृति
(C) अन्तर्निहित-स्मृति (D) अर्थगत-स्मृति

**44.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (अनानुबन्धित उद्दीपक तथा अनुबन्धित उद्दीपक की सामयिक व्यवस्था)** | **सूची – II (अनुबन्धन का रूप)** |
|---|---|
| p. अनानुबन्धित उद्दीपक (यू.सी.एस) प्रारम्भ होते हैं जबकि अनुबन्धित उद्दीपक (सी.एस.) उपस्थित रहते हैं । | 1. चिह्न अनुबंधन |
| q. अनुबन्धित उद्दीपक (सी.एस.) अनानुबन्धित उद्दीपक (यू.सी.एस.) से पूर्व प्रारम्भ होते हैं । | 2. सहकालिक अनुबंधन |
| r. अनुबन्धित उद्दीपक (सी.एस.) और अनानुबंधित उद्दीपक (यू.सी.एस.) दोनों एक साथ प्रारम्भ और समाप्त होते हैं । | 3. पश्च अनुबंधन |
| s. अनानुबन्धित उद्दीपक (यू.एस.सी.) अनुबन्धित उद्दीपक (सी.एस.) से पूर्व आते है । | 4. विलम्बित अनुबन्धन |

**कूट :**

| | p | q | r | s |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**45.** फाई-गोचर _______ के परिप्रेक्ष्य में सिद्धान्त है ।
(A) द्युति का भ्रम (B) दूरी का भ्रम
(C) आकार का भ्रम (D) गति का भ्रम

प्रश्न संख्या **46** से **50** के लिए निर्देश :
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

एक मनोवैज्ञानिक ने विद्यार्थी-वर्ग के लिए एक अंकीय योग्यता परीक्षण का निर्माण करना चाहा । इसके लिए उसने 80 बहु-वैकल्पिक पदों को लिया । प्रत्येक पद में 5 विकल्प थे । प्रत्येक पद के लिए विभेदक सूचकांक को और एकांश-शेष के सह-सम्बन्ध को लेकर पद-विश्लेषण किया गया । इनमें से 60 पदों को पद-विश्लेषण के बाद चुना गया । इन नव संस्करण को, अन्तिम रूप से रखे गए मदों को, नए प्रतिदर्श (N=400) के साथ आठ सप्ताह के अन्तराल के बाद, दो बार प्रयुक्त किया गया । परीक्षण पुनर्परीक्षण सह-सम्बन्ध 0.22 पाया गया, जो .01 स्तर पर सार्थक है । साठ पदों के प्रथम प्रयोग से उपलब्ध प्राप्तांकों को 'खण्डित-अर्ध' विश्वसनीयता का अभिकलन करने में उपयोग किया गया । विषम-संख्या पदों पर आधारित प्राप्त किये अंकों और सम-पदों पर आधारित प्राप्तांकों में सह-सम्बन्ध को 0.60 पाया गया । स्पीयरमेन-ब्राउन शुद्धि के प्रयोग से 'खण्डित अर्ध' विश्वसनीयता गुणांक प्राप्त किया गया ।

विद्यार्थियों द्वारा गणित की परीक्षा में, जो इन आँकड़ों को एकत्रित करने के तीन महीने के पश्चात हुई थी, प्राप्त-अंकों से इन अंकों का सह-सम्बन्ध ज्ञात किया गया । परीक्षण-अंकों और गणित में प्राप्त किये गये अंकों में 0.6 का उत्पाद-आघूर्ण सम्बन्ध पाया गया । परीक्षण के लिए मानदण्ड निर्धारित किये गए । मानक प्रतिदर्श का माध्य 40 और मानक विचलन 8 था । आँकड़े प्रसामान्य रूप से वितरित पाये गये । मानक रूप में शततमक कोटि प्राप्त किए ।

**46.** उपरोक्त गद्यांश में एकांश विश्लेषण के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सह-सम्बन्ध एकांश-शेष सहसम्बन्ध के अभिकलन के लिए उपयुक्त रहेगा ?
(A) फाई-गुणांक
(B) बिन्दु-द्विपंक्तिक सह-सम्बन्ध
(C) स्पीयरमेन कोटि-भेद सह-सम्बन्ध
(D) बहु-सहसम्बन्ध

**47.** परीक्षण की विश्वसनीयता के बारे में आपका क्या अनुमान है ?
(A) परीक्षण की परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता सन्तोषजनक नहीं है ।
(B) परीक्षण की परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता संतोषजनक है ।
(C) परीक्षण की आन्तरिक सुसंगतता और परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता सन्तोषजनक हैं ।
(D) परीक्षण की परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता तो संतोषजनक है परन्तु आन्तरिक सुसंगतता असन्तोषजनक है ।

**48.** प्राप्तांक 48 के लिए शततमक कोटि क्या होगी ?
(A) 16 (B) 60
(C) 68 (D) 84

**49.** स्पीयरमेन-ब्राउन शुद्धि के पश्चात् 'खंडित-अर्ध' विश्वसनीयता गुणांक क्या होगा ?
(A) 0.40 (B) 0.60
(C) 0.75 (D) 0.90

**50.** गद्यांश में किये गए परीक्षण की वैधता के लिए क्या प्रमाण प्राप्त किए गए ?
(A) संतोषजनक प्रागुवत्तीय वैधता
(B) असंतोषजनक प्रागुवत्तीय वैधता
(C) संतोषजनक समवर्ती वैधता
(D) असंतोषजनक समवर्ती वैधता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide